संख्या-08/2021/970ई-2/तेरह-2021-13-02099/10/2021

प्रेषक,

उमेश कुमार तिवारी,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,

उ.प्र., प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊःदिनांकः 25 मई, 2021

विषय- मेसर्स डालमिया भारत सुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (डालमिया चीनी मिल्स), डिस्टिलरी डिवीजन, यूनिट रामगढ, ग्राम-रामगढ- महसुई, पोस्ट-रामगढ, तहसील-मिश्रिख, जनपद सीतापुर को 120 कि.ली. प्रतिदिन क्षमता की शीरे पर आधारित औघोगिक आसवनी स्थापित किये जाने की अनुमति के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-05/दो- प्रा.डी.222, दिनांक 07-05-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 07-05-2021 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के औद्योगिक एवं राजस्व हित में मेसर्स डालमिया भारत सुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (डालमिया चीनी मिल्स), डिस्टिलरी डिवीजन, यूनिट रामगढ़, ग्राम-रामगढ़ -महसुई, पोस्ट-रामगढ़, तहसील-मिश्रिख, जनपद सीतापुर को 120 कि.ली. प्रतिदिन अर्थात वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर 420 लाख लीटर वार्षिक क्षमता की शीरे पर **आधारित औद्योगिक आसवनी**, जिसके अंतर्गत बाजार की मांग के अनुसार 120 किलो लीटर प्रतिदिन अर्थात वर्ष में 350 कार्य दिवस के आधार पर 420 लाख लीटर वार्षिक **रेक्टिफाइड स्प्रिट/एस.डी.एस/अब्सोल्सूट अल्कोहल** उत्पादन एवं विक्रय किया जायेगा की स्थापना की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि इकाई द्वारा सी.पी.सी.बी./यू.पी.सी.बी. के मानकों के अनुसार आसवनी में शून्य उत्प्रवाह को सुनिश्चित करने हेतु प्रदूषण उपकरणों (कन्सेट्रेशन एवं इंसीनरेशन) की स्थापना की जाएगी एवं अपनी दैनिक/वार्षिक अधिष्ठापित क्षमता के अंतर्गत ही रेक्टिफाइड स्प्रिट/एस.डी.एस/अब्सोल्सूट अल्कोहल का उत्पादन एवं विक्रय किया जाएगा तथा आसवनी स्थापना के संबंध में इकाई द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से नियमानुसार इन्वायरमेन्टल क्लीयरेन्स तथा अन्य विभागों से सुसंगत अधिनियमों/नियमों के अंतर्गत अनापत्ति/अनुज्ञा प्राप्त करतें हुए केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित/विद्यमान समस्त विधियों/संगत शासनादेशों आदि का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमेश कुमार तिवारी)

उप सचिव।